भारत सरकार
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 235
दिनांक 08 **दिसंबर**, 2022

प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत एलपीजी कनेक्शन

†235. **डॉ. जी. रणजीत रेड्डी**:
डॉ. वेंकटेश नेता बोरलाकुंता :
श्रीमती कविता मलोथू:

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) तेलंगाना में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) 1.0 और 2.0 के अंतर्गत जारी किए गए घरेलू एलपीजी कनेक्शनों का जिला-वार ब्यौरा क्या है;
(ख) 2017-18 में योजना के कार्यान्वयन के बाद से तेलंगाना में पीएमयूवाई के अंतर्गत उपयोग किए गए रिफिल का ब्यौरा क्या है;
(ग) उपरोक्त योजना के अंतर्गत 2020-21 में पुन: भरवाए जाने वाले सिलेंडरों की संख्या 35.44 करोड़ से घटकर 31.47 करोड़ होने के क्या कारण हैं; और
(घ) क्या 2020-21 की तुलना में पीएमयूवाई के अंतर्गत 2021-22 में जारी किए गए एलपीजी कनेक्शनों की संख्या कम है और यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री रामेश्वर तेली)

(क) दिनांक 01.11.2022 तक तेलंगाना राज्य में प्रधानमंत्री उज्जवला योजना (पीएमयूवाई) 1.0 और 2.0 के तहत जारी किए गए एलपीजी कनेक्शनों के जिले-वार ब्यौरे **अनुलग्नक** में है।

(ख) प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के आरम्भ होने के बाद से, दिनांक 01.11.2022 तक तेलंगाना राज्य में पीएमयूवाई लाभार्थियों द्वारा 148.91 लाख रीफिल (14.2 कि.ग्रा. रीफिल के संदर्भ में) लिए जा चुके है।

(ग) वित्त वर्ष 2020-21 के दौरान सरकार ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण पैकेज (पीएमजीकेपी) के तहत पीएमयूवाई लाभार्थियों को 3 (तीन) एलपीजी रीफिल मुफ्त प्रदान किए। इस योजना के तहत, पीएमयूवाई लाभार्थियों को 14.17 करोड रीफिल मुफ्त में प्रदान किए गए थे,जिसके परिणामस्वरुप वर्ष 2020-21 के दौरान पीएमयूवाई लाभार्थियों द्वारा एलपीजी की खपत में बढोतरी हुई।

(घ) सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कम्पनियों (ओएमसीज) द्वारा वर्ष 2021-22 के दौरान 1.58 करोड पीएमयूवाई कनेक्शन जारी किए जा चुके है। उस वर्ष 2020-21 के दौरान पीएमयूवाई योजना के तहत जारी किए गए नए कनेक्शन प्रचालन में नही थे।

****

अनुलग्नक

"पीएमयूवाई के तहत एलपीजी कनेक्शनों" के संदर्भ मे डॉ रंजीत रेड्डी और अन्य द्वारा दिनांक 08.12.2022 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 235 के भाग (क) में उल्लिखित अनुलग्नक			
जिला	पीएमयूवाई-I	उज्ज्वला 2.0	कुल कनेक्शन
आदिलाबाद	34,801	2,127	36,928
भद्राद्री कोठागुडेम	64,963	4,831	69,794
हैदराबाद	1,244	15	1,259
जगित्याल	39,931	4,547	44,478
जनगांव	15,813	1,374	17,187
जयशंकर भूपालपा	27,608	517	28,125
जोगुलम्बा गडवाल	31,708	1,325	33,033
कामारेड्डी	42,123	1,898	44,021
करीमनगर	20,875	8,438	29,313
खम्माम	60,377	13,336	73,713
कोमराम भीम आसिफाबा	26,331	2,902	29,233
महबुबाबाद	25,208	1,858	27,066
महबूबनगर	40,206	1,769	41,975
मंचेरियल	28,354	2,715	31,069
मेडक	30,022	1,049	31,071
मेधालामलकजगिरी	1,901	5	1,906
मुलुगु	18,344	1,123	19,467
नगरकुरनूल	30,781	1,604	32,385
नलगोंडा	70,069	611	70,680
नारायणपेट	29,756	2,142	31,898
निर्मल	33,914	1,438	35,352
निजामाबाद	46,623	4,209	50,832
पेड्डापल्ली	24,546	1,330	25,876
राजन्ना सिरसिला	19,977	2,403	22,380
रंगारेड्डी	26,167	1,100	27,267
संगारेड्डी	48,147	1,735	49,882
सिद्दीपेट	26,102	2,023	28,125
सूर्यापेट	56,316	1,488	57,804
यादाद्री भौंगिरी	12,669	187	12,856
विकाराबाद	51,401	2,208	53,609
वानापार्थी	20,021	648	20,669
वारंगल	26,320	2,205	28,525
वारंगल ग्रामीण	38,290	3,525	41,815

सोत्र: सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कम्पनियां